भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 2194

सोमवार, 2 अगस्त, 2021/11 श्रावण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

गुजरात के जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन स्थलों का विकास

2194. श्रीमती पूनमबेन माडम:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार गुजरात के जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन स्थलों का विकास कर रही है;

(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान तत्संबंधी स्थान-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार ने जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन स्थलों को विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कोई रणनीति/योजना बनाई है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (घ): पर्यटन गंतव्यों की पहचान, संवर्द्धन और विकास प्रमुख रूप से राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों की जिम्मेदारी है। पर्यटन मंत्रालय ने, 'स्वदेश दर्शन' की अपनी योजना के तहत अवसंरचना के विकास से संबंधित थीमेटिक परियोजनाओं को मंजूरी दी है। विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के परामर्श से की जाती है और उन्हें निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, संबंधित योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग आदि की शर्त पर स्वीकृति प्रदान की जाती है।

'जनजातीय परिपथ' स्वदेश दर्शन योजना के तहत अभिज्ञात थीमों मे से एक है। जनजातीय परिपथ के तहत गुजरात में कोई परियोजना स्वीकृत नहीं की गई है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय ने गुजरात राज्य में स्वदेश दर्शन योजना के तहत 179.68 करोड़ रु की कुल राशि से 3 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है और तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) पर राष्ट्रीय मिशन के तहत 105.56 करोड़ रु की कुल राशि से 3 परियोजनाओं को स्वीकृति दी है।

स्वदेश दर्शन की योजना वर्तमान में समीक्षाधीन है। तथापि, स्वदेश दर्शन योजना की जनजातीय परिपथ थीम के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में है।

****

अनुबंध

गुजरात के जनजातीय क्षेत्रों में पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 02.08.2021 के लोक सभा लिखित प्रश्न सं. **2194** के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन योजना की जनजातीय परिपथ के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**राज्य/संघ क्षेत्र**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**
1.	नागालैंड	पेरेन - कोहिमा- वोखा में परिपथ का विकास	97.36
2.	छत्तीसगढ़	जशपुर - कुनकुरी- मैनपाट- अंबिकापुर- महेशपुर - रतनपुर-कुर्दार-सरोदादार-गंगरेल-कोंडागांव-नथिया नवागांव-जगदलपुर-चित्रकूट-तीर्थगढ़ का विकास	96.10
3.	तेलंगाना	मुलुगु -लकनावरम- मेदावरम- तड़वई- दमारवी- मल्लूर-बोगाथा झरने का एकीकृत विकास	79.87
4.	नागालैंड	मोकोकचुंग - तुएनसांग-मोन का विकास	98.14

****